तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 27 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 लोकतंत्र सेनानी स्व. राधेश्याम शर्मा के संघर्ष को किया गया याद





(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)

प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.

न्यू महाराणा I.T.I.

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक

योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)

स्थान सीमित

नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।

प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा

मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340


## खबर संक्षेप

### आज तक चलेगा शाला प्रवेश उत्सव अभियान

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर 27 जून तक आयोजित होने वाले शाला प्रवेश उत्सव में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि नए शैक्षणिक सत्र के साथ प्रदेशभर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बालक-बालिका का विद्यालय में प्रवेश तथा नियमित अध्ययन सुनिश्चित करना है। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शासकीय विद्यालयों को आधुनिक, तकनीक-संपन्न और छात्र-केंद्रित संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश तथा बालिकाओं के लिए सरस्वती साइकिल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### बिर्रा में बिजली की कटौती से विद्युत उपभोक्ता परेशान

**बिर्रा।** विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा में बिजली की बार बार कटौती से विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत वितरण केंद्र बिर्रा के अंतर्गत क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांवों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली के बार-बार आने जाने एवं दिनभर स्थाई कटौती करने के कारण बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली की दिन रात की कटौती और आंख मिचौली से विद्युत उपभोक्ताओं को बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### दो नाबालिग बच्चों को परिजनों के किया गया सुपुर्द

**सक्ती।** उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर में संरक्षण प्राप्त दो नाबालिग बच्चों को आज उनके पिता के सुपुर्द किया गया। दोनों नाबालिग बच्चों को पूर्व में चाइल्ड हेल्पलाइन, कानपुर नगर द्वारा संरक्षण प्रदान कर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति, कानपुर नगर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। न्यायपीठ बाल कल्याण समिति, कानपुर नगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत प्रकरण को आगे की कार्यवाही एवं पुनर्वास के लिए न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के समक्ष स्थानांतरित किया गया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं न्यायपीठ बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों के सुरक्षित पुनर्वास, संरक्षण एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक परामर्श दी गई।

### सक्ती जिले में नियमों की उड़ रही धज्जियां

# ड्रोन सर्वे को मुंह चिढ़ा रहे माफिया, प्रतिबंध के बावजूद रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नवगठित जिला सक्ती में खनिज नियमों की धज्जियां उड़ रही है। प्रतिबंध के बावजूद यहां रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन धडल्ले से हो रहा है। खास बात यह है कि अवैध रूप से रेत परिवहन में लगी गाड़ियां जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग से जिम्मेदार विभाग के दफ्तर के सामने से गुजर जाती है। दूसरी ओर अवैध उत्खनन और परिवहन रोकने विभाग के साथ प्रशासन द्वारा ड्रोन सर्वे से कार्रवाई का दावा किया जा रहा है, लेकिन अभी तक इस सर्वे के माध्यम से अभी तक कही कोई बड़ी कार्रवाई नजर नहीं आई।

गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार 15 जून से रेत का उत्खनन और परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। बावजूद इसके सक्ती जिले में सक्रिय माफिया नदियों का सीना छलनी करके रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने में लगे है। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर खनिज अमले द्वारा सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की जांच के लिए ड्रोन सर्वे कराया गया। खास बात यह है कि रेत उत्खनन और परिवहन का खेल जिले के दूरस्थ स्थानों पर हीं नहीं बल्कि जिला मुख्यालय व आसपास के क्षेत्र से ही लगातार हो रहा है। खास बात यह है कि इसको लेकर लगातार विरोध और शिकायतें भी हो रही है। बावजूद इसके बड़ी कार्रवाई कही नजर नहीं आ रही है।



ड्रोन सर्वे करते खनिज विभाग के अधिकारी और टीम।

#### आधा दर्जन से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वे

जिले में रेत के अवैध कारोबार पर रोक लगाने खनिज विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। अफसरों की माने तो खनिज विभाग उड़नदस्ता द्वारा जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार 26 जून को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की जांच के लिए ड्रोन सर्वे कराया गया। कार्यवाही के दौरान ग्राम पंचायत पिसौद एवं बरेकेल खुर्द में अवैध रेत भंडारण की जांच की गई। ड्रोन के माध्यम से सर्वे कर भंडारित रेत की मात्रा का आकलन किया जा रहा है। करही, डोटमा, मिरौनी आदि क्षेत्रों की नदियों में भी ड्रोन सर्वे कर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

#### रेत माफिया के हौसले बुलंद

जिला ही नहीं मुख्यालय में भी रेत माफियाओं के हौसले बुलंद है। बताया जाता है कि नगर के वार्ड क्रमांक 1 से रेत लोड भारी वाहन लगातार गुजरते है। इसको लेकर कुछ मीडियाकर्मियों ने रेत ले जा रहे वाहन चालकों से पूछताछ करने की कोशिश की तो भारी वाहन चालक उन पर गाड़ी चढ़ा देने तक के लिए आतुर हो गया। बताया जाता है कि यह पूरा वाक्या वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया है। घटना के बाद आक्रोशित मीडियाकर्मियों ने खनिज विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन के अफसरों से इस पूरे की शिकायत की है।

#### कर रहे कार्रवाई

रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने लगातार कार्रवाई की जा रही है। ड्रोन से सर्वे भी कराया जा रहा है। भंडारण का भी निरीक्षण करते है और भी कार्रवाई की जाएगी।

-के.के. बंजारे,
जिला खनिज अधिकारी, सक्ती

# प्रकाश इंडस्ट्रीज में हादसा, ऊंचाई से गिरकर ठेका श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जिले के चांपा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। करीब 8 फीट ऊंचाई पर एंगल की कटाई के दौरान ठेका श्रमिक अचानक नीचे गिर गया। घटना से प्लांट में मौजूद अन्य कर्मचारियों में हडक़ंप मच गया। इलाज के दौरान ठेका श्रमिक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार 26 जून को करीब दोपहर 1 से 1.30 बजे के बीच की है। सभी मजदूर काम में जुटे हुए थे। ठेकेदार के सुपरविजन में गोरेलाल कंवर उम्र 42 वर्षकाम कर रहा था। बताया जाता है कि वह 8 फीट ऊंचाई पर स्ट्रक्चर के एंगल की कटाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक ठेका श्रमिक एंगल सहति नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद प्लांट प्रबंधन के लोग तत्काल ठेका श्रमिक को उपचार के लिए जांजगीर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मामले में चांपा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।



पीआईएल चांपा तथा इंसेट में मृतक श्रमिक।

## पानी के लिए मशक्कत...



**अकलतरा।** ग्राम पंचायत फरहदा में इन दिनों ग्रामीण पेयजल संकट की समस्या से जूझ रहे है। जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। पानी लेने के लिए लोग कतार में नजर आ रहे है।

# पिकअप से मवेशियों की तस्करी तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पिकअप वाहन से चार मवेशियों की तस्करी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ कृषि पशु परीरीक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। मामला सारागांव थाना का है।

इस संबंध में सारागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी सारागांव निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवशी के निर्देशन में बीते रात्रि गस्त पर रवाना थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बाराद्वार की ओर से एक सफेद रंग की पिकअप सीजी 12 ई 0907 में मवेशी भरकर ले जाए जा रहे हैं। सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल कार्रवाई की गई। नाकेबंदी कर ऐसे पकड़े गए तस्कर पुलिस टीम ने राइस मिल के पास रोड पर नाकेबंदी कर संदिग्ध पिकअप सीजी 12 ई 0907 को रोका गया। इस दौरान चेकिंग करने पर वाहन में मवेशी मिला। बरामदगी वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 4 नग बैल क्रूरतापूर्वक ठूंसकर भरे पाए गए। मामले में आरोपी नर्मदा पटेल उम्र 65 वर्ष निवासी सुलौनी, जिला सक्ती, गंगाराम पटेल उम्र 42 वर्ष, निवासी सुलौनी, जिला सक्ती एवं अभिषेक अग्रवाल उम्र 24 वर्ष, निवासी बाराद्वार, जिला सक्ती बताया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक राकेश कुमार सूर्यवशी, पीएसआई व्योमेश, एएसआई राजेश सिंह, आरक्षक अविलाश का योगदान रहा।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार: 31 जुलाई तक आवेदन


**जांजगीर-चांपा।** आगामी 3 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।उप संचालक, समाज कल्याण कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु नामांकन एवं आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निर्धारित श्रेणियों में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकन एवं आवेदन की प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ हो चुकी है।

# नहीं पटाया जलकर, आरकेएम पावर प्लांट पर 413 करोड़ बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

डभरा सक्ती जिले के डभरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम उचपिंडा स्थित आरकेएम पावर प्लांट पर जलकर (जल विद्युत कर) मद में 413 करोड़ रुपये की भारी-भरकम बकाया राशि लंबित है। खास बात यह है कि इस राशि का भुगतान कराने प्रशासन द्वारा कई बार नोटिस दिया जा चुका है। बावजूद इसके प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा।

विभागीय जानकारी के अनुसार अविभाजित जांजगीर चांपा जिले के समय से स्थापित आरकेएम पॉवर प्लांट पर जलकर का बकाया करोडों में पहुंच गया था। बताया जाता है कि यह राशि वर्तमान में 4 सौ करोड़ से अधिक जा पहुंची है। इसकी वसूली के लिए समय-समय पर आरकेएम प्रबंधन को नियमानुसार नोटिस देकर बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद कंपनी की ओर से बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने से विभाग की चिंता बढ़ गई है। वर्तमान में भी आरकेएम पावर प्लांट पर 413 करोड़ रुपये जलकर बकाया बताया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यदि इतनी बड़ी बकाया राशि का समय पर भुगतान नहीं होता है, तो इससे शासन के राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।



#### करेंगे कार्रवाई

आरकेएम प्रबंधन पर जलकर बकाया वसूल करने अविभाजित जांजगीर चांपा जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी किया गया था। नया जिला बनने के बाद इस पर आगे कार्रवाई नहीं हो पाएगी। जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

-अमृत विकास तोपनो,
कलेक्टर, सक्ती

#### प्रशासन के वसूली आदेश को ठेंगा दिखा रहा प्रबंधन

विभागीय जानकारी के मुताबिक अविभाजित जांजगीर चांपा जिले के डभरा ब्लाक के उच्चपिण्डा में संचालित आरकेएम पॉवर प्लांट से जलकर वसूल करने जिले के तत्कालीन कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा द्वारा सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। कलेक्टर के आदेश पर जारी आरसीसी वसूली के लिए तहसीलदार द्वारा प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया, लेकिन प्रबंधन ने फूटी कौड़ी तक जमा नहीं की। नया जिला बनने के बाद अभी तक सख्त कार्रवाई नहीं हो सकी है।

# सप्ताह भर के भीतर 40 शराबियों पर कार्रवाई, वसूला डेढ़ लाख से अधिक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति पखवाडा अभियान के तहत पुलिस द्वारा 40 शराबियों पर कार्रवाई करते हुए 1 लाख 40 हजार से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। वहीं 13 आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस एवं नशा मुक्ति पखवाड़ा के अवसर पर जांजगीर-चांपा पुलिस ने नशे के विरुद्ध जिलेभर में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्ग दर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान में एक सप्ताह के भीतर अवैध शराब बिक्री करने वाले, सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वाले 40 आरोपियों एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों 14 चालकों पर पुलिस का शिकंजा कसा गया। वहीं इनमें 13 आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई। इन आरोपियों से 1 लाख 40 हजार वसूल भी किया गया है। इसके अलावा थाना जांजगीर एवं अकलतरा क्षेत्र में छापेमारी कर 2 आरोपियों के कब्जे से 5.38 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया। सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते पाए गए 24 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की गई। अवैध शराब, गांजा तस्करी एवं पशु तस्करी में जब्त और राजसात किए गए 65 वाहनों की नीलामी की गई। इसमें मोटरसाइकिल, ऑटो, चारपहिया वाहन एवं एक साइकिल शामिल है।



### सुशासन तिहार के दौरान कामता के ग्रामीणों ने की थी शिकायत

# शासकीय खेल मैदान एवं सार्वजनिक जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत आखिरकार रंग लाई। शुक्रवार को तहसील प्रशासन ने ग्राम पंचायत कामता में शासकीय खेल मैदान एवं उससे लगी सार्वजनिक भूमि पर वर्षों से किए गए बेजा कब्जे के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया।

प्रशासन की मौजूदगी में शुक्रवार 26 जून को ग्राम पंचायत कामता में जेसीबी मशीन से अवैध रूप से बनाए गए खेतों की मेड़ों को तोड़कर पूरी भूमि को समतल किया गया और खेल मैदान सहित शासकीय भूमि को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराया गया। कार्रवाई के दौरान पूरे गांव में हलचल का माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहकर अभियान देखते रहे। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने शासकीय खेल मैदान एवं उसके आसपास की भूमि पर कब्जा कर खेती शुरू कर दी थी। इससे गांव के बच्चों को खेलकूद के लिए मैदान उपलब्ध नहीं हो पा रहा था और सार्वजनिक भूमि का स्वरूप भी प्रभावित हो रहा था। इस संबंध में ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के दौरान शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत की जांच के बाद राजस्व विभाग ने कार्रवाई की योजना बनाई और शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया अभियान का नेतृत्व तहसीलदार महेन्द्र लहरे ने किया। उनके साथ नायब तहसीलदार चन्द्र कुमार साहू, पटवारी अम्बुजा शर्मा सहित राजस्व विभाग का पूरा अमला मौजूद रहा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिवरीनारायण पुलिस बल भी पूरे समय मौके पर तैनात रहा। प्रशासन ने पहले राजस्व अभिलेखों के आधार पर भूमि की सीमाओं का सत्यापन कराया, जिसके बाद जेसीबी मशीन से अवैध रूप से बनाई गई खेतों की मेड़ों को हटाकर जमीन को समतल किया गया।कार्रवाई खेल मैदान से शुरू होकर तालाब के समीप स्थित शासकीय भूमि तक चली। अभियान के दौरान ग्राम पंचायत कामता के सरपंच हेमलाल कश्यप, उपसरपंच, पंचगण तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। गांव में जहां-जहां शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा पाया जाएगा, वहां चरणबद्ध तरीके से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।



बेजाकब्जा हटाने में जुटा अमला।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)

89595-93946 • 89595-44444

# समयमान वेतनमान, पदोन्नति, ग्रुप इंश्योरेंस, कैशलेस चिकित्सा पर चर्चा

## निगम कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में निगम की कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की बैठक साकेत भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ न.पा.नि.कोरबा के महामंत्री अरूण मिश्रा ने कर्मचारी हितों से संबंधित विभिन्न प्रस्ताव समिति के समक्ष रखें, जिस पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया तथा प्रस्तावों को शासन को भेजने का निर्णय लिया गया।

निगम के साकेत भवन में निगम कर्मचारी परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें कर्मचारियों के हित से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के महामंत्री अरूण मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों ने कर्मचारी हित से जुडे.विभिन्न प्रस्ताव समिति के



समक्ष प्रस्तुत किये गये, जिस पर चर्चा हुई, वहीं संघ पदाधिकारियों ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय को विभिन्न प्रस्तावों का ज्ञापन भी सौपा। बैठक के दौरान कर्मचारियों को समयमान, वेतनमान का लाभ दिये जाने, पदोन्नति प्रदान किये जाने, रिक्त पदों पर सीधी भर्ती करने, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण, प्लेसमेंट में कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटरों के वेतन में वृद्धि किये जाने, प्लेसमेंट में तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती करने, कर्मचारियों का गुरप इंश्योरेंस एवं कैशलेस चिकित्सा का लाभ दिये जाने, संविदा नियुक्ति की परंपरा को समाप्त करने, एल.एस.जी.डी. का पृथक से इंक्रीमेंट जोड़ने, विभागीय कर्मचारियों को योग्यता अनुसार आवासगृहों के आबंटन एवं कर्मचारियों के आवासगृहों का मरम्मत सहित अन्य विभिन्न विषयों से संबंधित प्रस्ताव समिति के समक्ष रखें गये, जिन पर चर्चा हुई तथा इनसे जुड़े आवश्यक प्रस्तावों को शासन को भेजने का निर्णय लिया गया।

## खबर संक्षेप



### कोरबी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। श्री पटेल ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर विद्यालय प्रवेश कराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष तेरश ओगरे, सरजू निषाद, मंडल महामंत्री अमरनाथ कौशिक, शांतिलाल धीवर, शेखर चौहान, प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा एवं शिक्षक सुरेन्द्र राठौर सहित समस्त शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे। विधायक श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों से कहे कि अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का संदेश दिया गया।

### सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त आवेदनों का हो रहा समयबद्ध निराकरण

**कोरबा।** आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने और शासकीय सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सीएम हेल्पलाइन प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य कर रही है। पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है, जिससे हितग्राहियों को समयबद्ध राहत मिलने के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं का लाभ भी सुगमता से प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में विकासखण्ड करतला अंतर्गत ग्राम चैनपुर निवासी कृष्ण पाल, विजय सिंह राठौर द्वारा नवीन राशन कार्ड जारी करने संबंधी आवेदन सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराया गया था। आवेदन प्राप्त होने के उपरांत कार्यालय जनपद पंचायत करतला द्वारा आवश्यक परीक्षण एवं प्रक्रिया पूर्ण कर हितग्राही को नवीन राशन कार्ड जारी कर दिया गया। वहीं ग्राम रोगदा निवासी वेदराम पटेल ने राशन कार्ड में सदस्य का नाम जोड़ने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था।

### एफएसएसएआई की मान्यता से चमकी शहर की चटकारा चौपाटी



**कोरबा।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में जिले ने उपलब्धि हासिल की है। निगम द्वारा घंटाघर क्षेत्र में विकसित चटकारा चौपाटी को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने प्रदेश की पहली ईट राइट क्लीन स्ट्रीट हब के रूप में मान्यता प्रदान की है। यह सम्मान चौपाटी में संचालित 40 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के तय मानकों के अनुरूप विकसित किए जाने के बाद मिला है। जिला खाद्य सुरक्षा विभाग पिछले दो वर्षों से इस दिशा में लगातार काम कर रहा था। स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को एक स्थान पर व्यवस्थित करने, फूड लाइसेंस उपलब्ध कराने, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण देने के साथ-साथ एप्रन, हैंडवॉश, नेपकिन और डस्टबिन जैसी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

## अप्रैल महीने का नहीं मिला मानदेय

# तपती दुपहरी में मितानिनों ने संविलियन करने मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर घेरा कलेक्ट्रेट



कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन करतीं मितानिन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में काम करने वाली मितानिन एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने मानदेय बढ़ाने एवं एनएचएम में संविलियन की मांग को लेकर अपने पूर्व घोषणा के तहत गुरुवार को तपती दुपहरी में घंटाघर से पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंची और घंटों प्रदर्शन किया। मितानिनों की इस प्रदर्शन से कुछ देर के लिए कोसाबाड़ी आईटीआई मार्ग अवरुद्ध रहा। स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस को भी वापस लौटना पड़ा।

पिछले लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली मितानिन और एमटी स्वास्थ्य वर्कर अपनी पुरानी मांगे एनएचएम में संविलियन और मिल रहा मानदेय को बढ़ाने की मांग को लेकर राज्य शासन के पास कई बार पत्र व्यवहार कर चुकी थीं। प्रदेश मितानिन संघ के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर इनके द्वारा जिला स्तर पर भी धरना प्रदर्शन कर शासन को ज्ञापन सौंपा गया था। किन्तु अब तक उनकी मांगों पर अमल नहीं किये जाने से गुरुवार को प्रदेश मितानिन संघ के द्वारा पूरे प्रदेश भर में जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी में जिले में भी बड़ी संख्या में मितानिन संघ के बैनर तले घंटाघर ओपन थियेटर में एकत्रित हुईं, जहां से पैदल चलकर लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर तपती दुपहरी में कलेक्ट्रेट पहुंच कर मेन गेट के सामने प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि भाजपा द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में मितानिनों के मानदेय 50 प्रतिशत बढ़ाने एवं एनएचएम में संविलियन का वादा किया था।

### अल्प मानदेय पर काम करने की मजबूरी

मितानिनों का कहना था कि छोटी छोटी बीमारियों से लेकर उनकी दवाइयों के वितरण का काम घर घर जाकर मरीजों को करना पड़ता है। इसके साथ ही उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या फिर जिला चिकित्सालय भी उन्हें ही लाना पड़ता है। इस दौरान कई बार आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। विभागीय सहयोग नहीं मिलने के कारण मरीजों को उनके ही खर्च पर जिला चिकित्सालय में जाने की मजबूरी हो जाती है।

### पानी के लिए भटकती रहीं

पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंची पसीने से लथपथ मितानिनें पानी के लिए भटकती नजर आईं। कलेक्ट्रेट के दोनों गेट बंद होने के कारण भीड़ में शामिल मितानिन अंदर नहीं जा सकीं। वहीं कलेक्ट्रेट के बाहर दो वर्ष पूर्व बनाया गया प्याऊ को भी उखाड़ दिया गया है। धरने में शामिल मितानिन यह कहते नजर आईं कि एटीएम से पैसा जरूर मिल जाएगी किन्तु कलेक्ट्रेट के सामने पानी नहीं मिल पाएगा।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम का पालन किया जाना अनिवार्य : पाण्डेय

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पालन किया जाना अनिवार्य है, इस नियम के तहत वल्क वेस्ट जनरेटरों, प्रतिष्ठानों, संस्थानों, निकायों, ग्राम पंचायतों सहित सभी की स्वयं की जिम्मेदारी है कि वह अपने यहॉ उत्सर्जित कचरे के उपचार, प्रसंस्करण व प्रबंधन का कार्य सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि वर्ष 2016 के नियमों को अपडेट करते हुये ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू किया गया है, जिसका पालन सभी के लिये अनिवार्य है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि कोरबा में इंटीग्रेटेड सिस्टम पर सफाई कार्य कराने की कार्ययोजना पर कार्य किया जायेगा, अभी इस सिस्टम के बिना ही हम देश में स्वच्छता पर आठवें स्थान पर हैं किन्तु यदि हम इंटीग्रेटेड सिस्टम के आधार पर सफाई कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से शीर्ष पर होंगे किन्तु इसमें सभी की पूर्ण सहभागिता अति आवश्यक है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल कोरबा द्वारा आज निगम के सहयोग से निगम के पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# निजी स्कूल के शिक्षक व प्रबंधन ने भी कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन




प्रदर्शन करते निजी स्कूलों के शिक्षक व प्रबंधन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

निजी स्कूल के शिक्षक व उनके प्रबंधन के द्वारा पहली बार जिले में अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन करना पड़ा। सरकार के द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क किताबों के समय पर नहीं पहुंचने की समस्या को बताते हुए उनके द्वारा जिला मुख्यालय में ही किताबें उपलब्ध कराने की मांग की गई।

राज्य शासन के द्वारा प्रतिवर्ष निःशुल्क किताबों का वितरण शासकीय और अशासकीय स्कूलों में किया जाता है। इसमें शासकीय स्कूलों को शासन के द्वारा ही जिले में लाकर जन शिक्षा केन्द्रों में आपूर्ती कर दी जाती है। इस वजह से शासकीय स्कूलों में किताबें सही समय पर पहुंच जा रही हैं। किन्तु दूसरी ओर अशासकीय स्कूलों की स्थिति इसके ठीक विपरीत है। स्कूल प्रबंधन को किताबों के लिए अब स्वयं के खर्च पर बिलासपुर पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से लाना पड़ता है और वहां भी उन्हें सभी विषय की किताबें उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। वर्ष भर उन्हें सभी विषय की किताबें नहीं मिलने की वजह से पढ़ाई में दिक्कत होती है। वहीं स्कूल प्रबंधन का यह भी कहना था कि अन्य प्रकाशनों की किताब चलाए जाने पर भी शासन द्वारा रोक लगा दी गई है। इससे भी उनकी पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### सीजी बोर्ड के स्कूल रहे बंद

शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में संचालित निजी स्कूलों के शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन के द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन किए जाने को लेकर बंद नजर आए। हालांकि कुछ बड़े स्कूलों में एक दो शिक्षक तैनात रहे। हालांकि बच्चों की कम उपस्थिति होने के कारण पढ़ाई भी अन्य दिनों की तुलना में शुरू नहीं हो सकी है।

# लोनर ने किया सूरजपुर का रुख, ड्रोन कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के केंदई वनपरिक्षेत्र में आतंक मचाकर वन विभाग तथा ग्रामीणों के नाक में दम कर देने वाले लोनर हाथी ने अब सूरजपुर वनमंडल का रूख कर लिया है। ड्रोन कैमरे से लोकेशन ढूंढने पर गुरुवार की सुबह लोनर हाथी का लोकेशन पड़ोसी सूरजपुर वनमंडल के जंगल में मिला, जहां वह एक स्थान पर विचरण कर रहा था। इसकी सूचना परिक्षेत्र सहायक मंगल सिंह नायक द्वारा सूरजपुर के वन अधिकारियों को दी गई, जिस पर उन्होंने ड्रोन के सहारे इसकी पुष्टि की और अपने परिक्षेत्र सहायक पंकज झा, बीट गार्ड चरण सिंह व अन्य अमले को मौके पर रवाना कर लोनर की निगरानी तेज कर दी है।

उल्लेखनीय है कि लोनर पुटा के जंगल से गत रात्रि मूवमेंट किया और ताराघाटी होते हुए सूरजपुर वनमंडल की सीमा में प्रवेश करते ही



ड्रोन कैमरे से हाथी की निगरानी करते वन कर्मचारी।

विचरण करने लगा। इस दौरान केंदई रेंजर अभिषेक दुबे के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक मदनपुर मंगल नायक, वन रक्षक पवन बिंझवार, चौकीदार मोहन सिंह, ऑपरेटर सुभाष नायक ड्रोन कैमरे से लगातार हाथी की निगरानी करते रहे। ज्ञात रहे यह लोनर हाथी सरगुजा वनमंडल से जिले में प्रवेश किया था और वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज के मदनपुर सर्किल में पहुंचकर लगातार उत्पात मचा रहा था। इस दौरान हाथी ने जहां तीन ग्रामीणों के मकान को ढहा दिया वहीं पतुरियाडांड में एक वृद्ध महिला पर हमला कर उसकी जान ले ली थी। लोनर के आतंक से क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण काफी दहशत में थे।

# खनिज विभाग की टीम ने 1620 घन मीटर अवैध रेत, एक ट्रैक्टर व टीपर किया जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में अवैध खनन और खनिज परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनिज



माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश और उप संचालक खनिज प्रशासन के मार्गदर्शन में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभागीय उड़नदस्ता दल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित रेत और परिवहन में लगे वाहनों को जब्त किया है।

खनिज विभाग की टीम ने 24 जून को जिले के सलिहाभाटा, भैसामुड़ा, कटबिटला, कुदमुरमाल, सोनपुरी सीतामढ़ी, बरमपुर, राताखार, पोड़ी, कछार, चुहिया, बाल्को, कसनिया और कटघोरा सहित कई संदिग्ध क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन करते पाए गए एक टीपर और दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। भागीय अधिकारियों के अनुसार बरमपुर, राताखार और कसनिया क्षेत्रों से जब्त किए गए वाहनों को सर्वमंगला पुलिस चौकी, रामपुर थाना और खनिज जांच चौकी रामपुर-कटघोरा की अभिरक्षा में रखा गया है। इसके अलावा कछार क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित रेत के दो बड़े स्टॉक भी जब्त किए गए, जिनमें 600 घनमीटर और 720 घनमीटर रेत शामिल है। वहीं सोनपुरी क्षेत्र में 300 घनमीटर अवैध रेत भंडारण को भी जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 1620 घन मीटर अवैध रेत विभाग के कब्जे में ली गई है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। विभाग का कहना है कि अवैध खनन से न केवल प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि शासन को राजस्व हानि भी होती है। इसी कारण ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा अन्य संबंधित वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जावलपुर तहसील बलौदा जिला-जांजगीर, चांपा (छ.ग.) में अवस्थित भूमि ख.नं.-180/1, 180/2, 184/1, 184/3, 185, 187, 262, 412, 413, 954/1, 954/2, 967, 968/1, 1232, 1238/1, 1238/3, 1391, 1393/1, 1996/2, 1996/3, 2015/2, 2736/2 कुल ख.नं.-22 कुल रकबा-2.0870 हे. जो तहसीलदार बलौदा के रा.प्र.क्र.-202505063800036/ अ-6/2023-24 में पारित आदेश दिनांक-25/9/2025 के परिपालन में तारकेश्वर प्रसाद तिवारी आ. लालजी तिवारी वगैरह के नाम पर दर्ज था जिसे आशा बाई पाण्डेय द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अकलतरा के रा.अ.क्र.-202509065200047/अ-6/2024-25 में पारित आदेश दिनांक-02/03/2026 का हवाला देकर अपील अवधि ब्यतित होने के पूर्व अपने नाम पर दर्ज करा लिया गया है। जबकि उक्त अनुविभागीय अधिकारी अकलतरा के आदेश के विरुद्ध तारकेश्वर तिवारी वगैरह द्वारा माननीय आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर के समक्ष रा.अ.क्र.-202509065200047/ 0636/APL/अ-6/2025-26 प्रस्तुत कर दिया गया है और यह प्रकरण छ.ग.भू.रा. संहिता में हुए शंसोधन के अनुसार निराकरण के लिए माननीय अतिरिक्त कलेक्टर जांजगीर को प्राप्त होने पर माननीय अतिरिक्त कलेक्टर जांजगीर द्वारा दिनांक-18/06/2026 को स्थगन आदेश जारी कर उपरोक्त भूमि कुल ख.नं.-22 कुल रकबा-2.0870 हे. के खरीदी विक्री पर रोक लगा दिया गया है। जिसकी प्रतिलिपि जिला पंजीयक जांजगीर, अनुविभागीय अधिकारी अकलतरा, तहसीलदार बलौदा हल्का पटवारी जावलपुर व उत्तरवादिनी आशा बाई पाण्डेय को भेजी जा चुकी है। इस कारण उक्त दिनांक-18/06/2026 के बाद उक्त भूमि के संबंध में यदि कोई खरीदी बिक्री किया जाता है वह सम्पत्ति अंतरण अधिनियम की धारा 52 एवं स्थगर आदेश की अवहेलना के तहत अवैध एवं शून्य होगा जिसके लिए खरीददार स्वयं जिम्मेदार होगें।

सूचना जानें...

दिनॉक- 26/06/2026

भवदीय
जागृति तिवारी
अधिवक्ता, जांजगीर
जिला जांजगीर, चांपा (छ.ग.)

**न्यायालयः श्रीमती नम्रता नोरगे, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, चांपा, जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**

**:- समंस/ईश्तहार-:**

व्यवहार वाद प्र. क्र.-08 अ/2026
पेशी दिनांक- 16/07/2026
**प्रोसेस नम्बर - 942/2026 22.06.2026**

**टुकेश्वर प्रसाद**
**विरूद्ध**
**रामवती वगैरह**

आवेदक टुकेश्वर प्रसाद, उम्र 39 वर्ष, पिता मालिकराम जाति धोबी, निवासी ग्राम मुडपार तहसील सारागांव जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.), के द्वारा प्रतिवादी के विरूद्ध वाद वास्ते घोषणा बाबत वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रतिवादी

आम जनता चांपा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. जिनका हित हो ।

की उपस्थिति दिनांक 16/07/2026 को ठीक 11:00 बजे जवाब देने के लिए उपसंजात उपस्थिति के लिए नोटिस/ ईश्तहार/ समंस जारी किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिया गया हो और इस वाद के सभी सारवान प्रश्न का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आप लोगों के उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है, उस दिन अपना जवाब उपस्थिति या अन्य कोई दस्तावेज जो संबंधित हो, पेश करने के लिए प्रतिरक्षा के लिए तैयार रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि, उपर बनायी गयी तारीख 16/07/2026 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होने पर वाद का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

टीपः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है या मैं अवकाश पर रहता/रहती हूं या किसी वजह से कार्य स्थगित हो जाता है, तो वाद की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी और उक्त तिथि को अनुपस्थित रहते हैं तो आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 22/06/2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(श्रीमती नम्रता नोरगे)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा छ.ग.**

**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**// नोटिस सूचना पत्र //**

क्रमांक / 483/वाचक/तह./2026
पामगढ़, दिनांक 24/06/26

प्रति, 1. नरेन्द्र कुमार पिता रामकुमार
2. मोहन कुमार पिता श्रीराम
3. भागवत प्रसाद पिता प्रेमदत्त
4. अयोध्या प्रसाद पिता प्रेमदत्त साकिन कोसा तहसील पामगढ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

विषयः-उक्त व्यक्ति व उनके विधिक वारिसानों को सूचना दिये जाने व उपस्थिति बाबत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्रीकांत चतुर्वेदी पिता महेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम कोसा तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग. भू. रा. सं. 1959 के तहत् रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन किया है कि आवेदक के द्वारा 07 अप्रैल 2004 को श्री भागवत प्रसाद और अयोध्या प्रसाद पिता प्रेमदत्त जाति ब्राम्हण से ख.न. 2673/2, 2673/1 में से 0.18, 0. 64 ए. कुल रकबा 0.82 ए. भूमि क्रय किया तथा 04 मई 2006 को श्री नरेन्द्र कुमार पिता रामकुमार और मोहन कुमार पिता श्रीराम जाति नाई से ख.न. 2694 में से 0.57 ए. अर्थात् 0.231 हे. भूमि क्रय किया है। उक्त दोनो भूमि को रजिस्ट्री एवं ऋण पुस्तिका बन गई है और नामांतरण भी हो गया है। यह कि आज दिनांक तक उक्त भूमि आनलाईन रिकार्ड दुरूस्ती नहीं किया गया है। वर्तमान में वाद भूमि अनावेदकगणों के नाम पर अभी तक दर्ज है। आवेदक के द्वारा उक्त वाद भूमि को अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 03/07/2026 को सुनवाई नियत है। इस हेतु आपको सुचित किया जाता है कि उक्त दिवस को न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ में सुबह 10:00 बजे उपस्थित होवें। उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरूध कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**




जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में**
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

**प्रवेश प्रारंभ**
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

TOP IN JANJGIR

N-S-D-C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leela's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध



ADMISSIONS OPEN
Balvatika
PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644



Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644



Founder & Director
DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# ऋतिक ने पूरी की जेलर 2 की शूटिंग, निर्देशक ने की तारीफ

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन ने रजनीकांत की फिल्म जेलर 2 में अपने खास कैमियो रोल की शूटिंग पूरी कर ली है। बताया जा रहा है कि एक्टर ने चेन्नई में दो दिन के शूटिंग शेड्यूल में अपना हिस्सा पूरा किया है। नेल्सन दिलीप कुमार ने 'जेलर 2' में ऋतिक रोशन के लिए एक बहुत ही शानदार किरदार तैयार किया है। उनका एक दमदार सीक्वेंस है। इसके बाद रजनीकांत के साथ एक सीन है। शूटिंग खत्म होने पर डायरेक्टर नेल्सन ने दोनों एक्टर्स की जमकर तारीफ की। सेट पर मौजूद लोगों के लिए दोनों सुपरस्टार्स को एक साथ देखना बहुत सुखद अनुभव था।



लाइफ Style

# रिया
## पूरी तरह से खत्म नहीं होता ट्रॉमा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने एक बार फिर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद आए मुश्किल दौर के बारे में बात की। साथ ही उनके भाई शोविक चक्रवर्ती ने याद किया कि कैसे एक घटना ने उनका पूरा जीवन बदलकर रख दिया। इस दौरान एक्ट्रेस ने ड्रग मामले और अपनी गिरफ्तारी को लेकर भी बात की।

रिया चक्रवर्ती अपने भाई शोविक चक्रवर्ती के साथ नेहा धूपिया और अंगद बेदी के चैट शो 'डबल डेट' पर पहुंचे। इस दौरान भाई-बहन ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले और इससे जुड़ी ड्रग्स की जांच के सिलसिले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा 2020 में अपनी गिरफ्तारी के बारे में बात की। रिया चक्रवर्ती ने उस अनुभव के मानसिक असर और यह कैसे उनके साथ बना हुआ है, इस पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि ट्रॉमा पूरी तरह से खत्म नहीं होता और इंसान के इमोशनल सिस्टम का हिस्सा बन जाता है। यह ऐसी चीज नहीं है जिससे आप पूरी तरह उबर सकें। यह ट्रॉमा है। अगर दिमाग में नहीं, तो शरीर में तो यह रहता ही है। ठीक होने के लिए लगातार कोशिश और सपोर्ट की जरूरत होती है। जैसा कि शोविक कह रहे थे, पीटीएसडी होता है। आप अपनी थेरेपी करवाते हैं और इसका सामना करते हैं। रिकवरी लगातार चलती रहती है ।रिया ने इस बारे में भी बात की कि कैसे उनका अनुभव लगातार लोगों की नजर में रहा, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई और उसे समझना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि भले ही बीता हुआ समय उनकी जिंदगी का हिस्सा बना हुआ है।

हॉलीवुड मसाला



# तलाक के बाद नहीं किया किसी को डेट

**लॉस एंजिल्स।** एंजेलिना जोली इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'कौचर' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। जोली अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी प्राइवेट रहती हैं, लेकिन उनके पूर्व पति ब्रैड पिट से उनका चर्चित अलगाव सालों तक चर्चा में रहा। हाल ही में, एंजेलिना जोली ने अपनी डेटिंग लाइफ के बारे में बात की और बताया कि ब्रैड पिट से अलग होने के बाद से वे किसी भी रिश्ते में नहीं रही हैं। एंजेलिना जोली ने माना कि उनकी जिंदगी में रोमांस पीछे छूट गया है, क्योंकि उन्होंने खुद को अपने छह बच्चों की परवरिश में लगा दिया है।



# मेरा हॉलीवुड कॅरियर आज भी बॉलीवुड से फीका ...

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी बड़ा नाम कमा चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ने प्रड्यूसर बनने और अमेरिका में अपने कॅरियर को आगे बढ़ाने को लेकर खुलकर बातें कीं। उन्होंने यह भी कहा कि अब हॉलीवुड में नए कलाकारों और फिल्म प्रड्यूसर के लिए एंट्री की बाधाएं पहले की तुलना में काफी कम हो गई हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा है कि इतने सारे इंटरनेशनल फिल्मों और सीरीज में काम करने के बावजूद हॉलीवुड में उनका काम भारतीय सिनेमा में उनके द्वारा अर्जित किए गए काम की तुलना में फीका पड़ जाता है। प्रियंका ने कम बजट की सफल हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' का उदाहरण देते हुए कहा कि आज के दौर में प्रतिभाशाली लोगों के लिए अवसरों के नए दरवाजे खुल रहे हैं।



# चौहान फिल्म में अजय का फौजी अवतार...

**मुंबई।** अजय देवगन अब अपने फैन्स के सामने 'चौहान' के रूप में एक नए और दमदार अवतार में वापसी कर रहे हैं। यह फिल्म फिल्म निर्माता आनंद एल राय के साथ उनकी पहली फिल्म है। फिल्म को जियो स्टूडियोज प्रड्यूस कर रहा है। दिवंगत एक्शन डायरेक्टर वीरू देवगन की जयंती पर उन्हें याद करते हुए, फिल्म निर्माताओं ने फिल्म में अजय देवगन का 'चौहान' के रूप में पहला लुक जारी किया, जिससे ये साफ हो गया है कि फिल्म दमदार और एक्शन से भरपूर है। इस अनाउंसमेंट वीडियो की शुरुआत एक उग्र प्रदर्शन की झलकियों से होती है, जिसके साथ दमदार डायलॉग बैकग्राउंड में सुनाई दे रहा है। इसमें कहा जा रहा है, 'चौराहे पर 300 लड़के थे, घर सिर्फ 270 पहुंचे। 30 लड़के कम हैं।'



# प्रहार का टीजर रिलीज वकील बने राजकुमार

**मुंबई।** राजकुमार राव की नई फिल्म आ रही है 'प्रहार', जिसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर रिलीज होते ही छा गया है और राजकुमार राव की तारीफ हो रही है। यह एक बायोग्राफिकल फिल्म है, जिसमें राजकुमार राव जाने-माने वकील उज्ज्वल निकम के रोल में हैं। यह उनके अब तक के करियर का सबसे चैलेंजिंग रोल माना जा रहा है। 'प्रहार' को अविनाश अरुण ने डायरेक्ट किया है और यह मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी है। इसमें राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत भी मौजूद हैं। यह फिल्म 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में वामिका गब्बी ने राजकुमार राव की पत्नी का किरदार निभाया है, जबकि जयदीप अहलावत एक अन्य वकील बने हैं। 'प्रहार' के टीजर की शुरुआत राजकुमार के किरदार उज्ज्वल निकम से होती है।

टीवी मसाला

# साल 2000 का वो गाना, जिसका बच्चा-बच्चा हो गया था दीवाना...

**नई दिल्ली।** साल 2000 के दौर का एक ऐसा ही गाना, जिसको लेकर कहा जा सकता है कि कुछ गाने सिर्फ सुने नहीं जाते, बल्कि जिए जाते हैं। इसकी धुन सुनते ही बच्चों के कदम खुद-ब-खुद स्कूल की तरफ बढ़ने लगते थे।



एक समय था जब सुबह की शुरुआत अलार्म से नहीं, बल्कि टीवी पर बजने वाली इसी प्यारी सी धुन से हुआ करती थी। ये वो गाना था जिसने बच्चों को गुनगुनाना सिखाया। इसकी धुन सुनते ही बच्चे झूम उठते थे और बड़े मुस्कुरा देते थे। गली-मोहल्लों से लेकर गांव और शहर तक हर तरफ इसी गाने की चर्चा थी। खास बात ये थी कि ये सिर्फ एक गाना नहीं था, बल्कि एक ऐसा संदेश था जिसने लाखों बच्चों को स्कूल की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। आज भी इसकी धुन सुनते ही लोग सीधे अपने बचपन की सुनहरी गलियों में पहुंच जाते हैं। अगर आप अब तक नहीं समझ पाए हैं कि हम किस गाने की बात कर रहे हैं तो आपको बता दें कि ये वही 'स्कूल चले हम' है, जिसे सुनकर एक पूरी पीढ़ी बड़ी हुई है। 'स्कूल चले हम' उस दौर के उन चुनिंदा गानों में शामिल था, जिसे सुनने के लिए बच्चे खुद टीवी के सामने बैठ जाया करते थे। आज की तरह तब हर मिनट नया कंटेंट नहीं आता था, इसलिए जो चीज लोगों के दिल में जगह बना लेती थी, वो लंबे समय तक याद रहती थी। इस गाने की धुन इतनी आसान और प्यारी थी कि बच्चे इसे खेलते-कूदते, साइकिल चलाते और स्कूल जाते वक्त भी गुनगुनाते रहते थे। यही वजह थी कि ये गीत देखते ही देखते घर-घर की पहचान बन गया। शान की आवाज ने इस गाने को और खास बना दिया था।

## तुलसी और अनुपमा की राह में रोड़ा बनीं 'गंगा माई की बेटियां'

**नई दिल्ली।** दर्शकों की पसंद टीवी सीरियल के मामले में तेजी से बदली है। अब तक जहां टीवी सीरियल 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' टीआरपी लिस्ट में टॉप पर बने रहते थे, लेकिन अब ये टॉप 5 में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने पिछले दो-तीन हफ्ते से टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाई है। इस सीरियल को 24वें हफ्ते में 1.9 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल पहले स्थान पर है। सीरियल 'वसुधा' 24वें हफ्ते में टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर रहा है। इसकी 1.8 की टीआरपी रेटिंग रही है। यह सीरियल एक सीधी सरल की लड़की वसुधा की जिंदगी और उसके प्यार की कहानी को बयां करता है। शरद केलकर स्टारर सीरियल 'तुम से तुम तक' भी दर्शकों को पसंद आ रहा है। इस सीरियल को 24वें हफ्ते में 1.7 की रेटिंग मिली है, टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। यह सीरियल ऐसे कपल की कहानी कहता है, जिनके बीच में उम्र का बड़ा फासला है। 'नागिन 7' 24वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चोथे नंबर पर है। इसे 1.6 की रेटिंग मिली है। इस सीरियल की टीआरपी बढ़ी है।

# लोग महाभारत समझते हैं... तो मेरी फिल्म क्यों नहीं : इम्तियाज

**मुंबई।** इम्तियाज अली की फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' सिनेमाघरों में जोरदार तरीके से चल रही है। लोग फिल्म को अभी भी देखने जा रहे हैं। इस बीच, फिल्ममेकर ने कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं तो मेरी फिल्म क्यों नहीं। चमत्कार होते हैं, और इम्तियाज अली की नई फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। बंटवारे के दौर की प्रेम कहानी वाली इस फिल्म ने धीमी शुरुआत के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बना ली है और अब देश भर के कई सिनेमाघरों में हाउसफुल चल रही है। फिल्ममेकर के लिए यह बेहद खुशी का पल है। वे खुद कई थिएटर जाकर दर्शकों का शुक्रिया अदा कर रहे हैं कि वे बड़ी संख्या में आए और फिल्म को सपोर्ट किया। इम्तियाज अली की बेटी इदा अली के इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक ऐसे ही डायलॉग में, हाउसफुल स्क्रीनिंग के बाद फिल्म निर्माता दर्शकों से बातचीत करते और आभार जताते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है, 'लोगों की शक्ति में मेरी उम्मीद को फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। मुझे लगातार कहा जाता है कि लोग समझेंगे नहीं, कि अगर आप दर्शकों को खुश करना चाहते हैं, तो सिर्फ एक खास तरह की फिल्में बनाएं। यहां आने के लिए धन्यवाद।'



उन्होंने आगे कहा, 'मैंने अपने इंटरव्यू में लाखों बार कहा है कि अगर लोग महाभारत समझ सकते हैं, तो वे मेरी फिल्में क्यों नहीं समझ पाएंगे? मुझमें ही कुछ कमी होगी, मैं भी आप सबके लिए सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं।' लेकिन, न केवल मेरा बल्कि इस देश के सभी भाषाओं के 100 फिल्म निर्देशकों का आत्मविश्वास फिर से जगाने के लिए धन्यवाद। बहुत-बहुत धन्यवाद। फिल्ममेकर सिद्धार्थ आनंद, जो अभी शाहरुख खान के साथ 'किंग' की शूटिंग कर रहे हैं, उन्होंने 'मैं वापस आऊंगा' देखने के लिए भी समय निकाला। बुधवार को डायरेक्टर ने एक्स पर फिल्म और दर्शकों से मिल रहे अच्छे रिस्पॉन्स की तारीफ की। अपनी बात शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'कितनी खूबसूरत फिल्म है!

# आज सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में होंगी रिलीज

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 26 जून को हमारे-आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 5 नई फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिसमें हिंदी के दर्शकों के लिए सबसे बड़ी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' है। इसके अलावा 'रामायण' की सीता मैया यानी दीपिका चिखलिया भी एक फैमिली ड्रामा 'तेरा मेरा नाता' लेकर आ रही हैं। हॉलीवुड से भी तीन बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इनमें 'सुपरगर्ल', 'द इनवाइट', और 'जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट' भी आ रही है।



***वेलकम टू द जंगल*** : वेलकम टू द जंगल बॉलीवुड की सुपरहिट कॉमेडी 'वेलकम फ्रैंचाइज' की तीसरी किस्त है। यह 2015 में आई 'वेलकम बैक' के लगभग एक दशक बाद आ रही है। इस बार फिल्म का पैमाना बहुत बड़ा है। डायरेक्टर अहमद खान ने 30 से अधकि दिग्गज कलाकारों की फौज तैयार की है।

***सुपरगर्ल*** : डीसी यूनिवर्स के फैंस को सुपरगर्ल फिल्म का लंबे समय से इंतजार रहा है। यह फिल्म कारा जोर-एल किरदार पर आधारित है, जो अपनी गहरी भावनात्मक और आत्मा-खोज की यात्रा पर है। उसके चचेरे भाई काल-एल (सुपरमैन) को अब उसकी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में दिशाहीन महसूस कर रही सुपरगर्ल के पास न्याय की आस लगाए एक लड़की आती है। कारा ज़ोर-एल की यह कहानी क्रिप्टोनियन की है। उसने अपना बचपन अपनी दुनिया और परिवार को मरते हुए देखने में बिताया। पृथ्वी पर बिना किसी मकसद के घूम रही कारा, रूथी नाम की लड़की के साथ मिलकर 'येलो हिल्स' के बेरहम 'क्रेम' को रोकने के लिए एक कॉस्मिक सफर पर निकलती है। अपने कजिन सुपरमैन के उलट, कारा के मन में क्रिप्टन पर बिताए बचपन की गहरी चोटें (ट्रॉमा) हैं। दुश्मन उसके प्यारे कुत्ते 'क्रिप्टो' को घायल कर देता है। अब सुपरगर्ल बदला लेने के लिए किसी भी हद तक जाने वाली है।

***तेरा मेरा नाता*** : तेरा मेरा नाता एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह प्यार, परिवार और भावनात्मक रिश्तों की दिल को छू लेने वाली कहानी है। 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में इसका प्रीमियर हुआ था। अब यह सिनेमाघरों में आ रही है।

***द इनवाइट*** : ओलिविया वाइल्ड के डायरेक्शन में बनी द इनवाइट एक खट्टी-मीठी सेक्स कॉमेडी और मैरिटल ड्रामा है। यह सैन फ्रांसिस्को में रहने वाले एक शादीशुदा जोड़े, जो और एंजेला के बारे में है। अपनी बोरिंग जिंदगी से बाहर निकलने के लिए वे अपने घर के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले ग्लैमरस और एडवेंचरस पड़ोसी हॉक और पीना को डिनर पर बुलाते हैं।

***जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट*** : जैकऐसः बेस्ट एंड लास्ट बेहद पॉपुलर 'जैकऐस सीरीज' की आखिरी फिल्म है। इसके साथ ही यह फ्रैंचाइजी खत्म हो जाएगी। इसमें नए और खतरनाक स्टंट्स और प्रैंक के साथ फ्रैंचाइज के क्लासिक यादगार पलों को भी जोड़ा गया है।

## एक्टर्स ने 45 दिन तक पहने थे एक ही कपड़े, जीता था नेशनल अवॉर्ड

# पांच लाख किसानों ने 2-2 रुपए देकर प्रोड्यूस की थी ये फिल्म

### जब किसानों ने लिखी भारतीय सिनेमा की नई कहानी

'मंथन' की कहानी गुजरात के दुग्ध सहकारी आंदोलन और श्वेत क्रांति से प्रेरित थी। फिल्म के निर्माण के लिए गुजरात को-ऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF) से जुड़े लगभग पांच लाख दुग्ध उत्पादक किसानों ने दो-दो रुपये का योगदान दिया था। यही वजह है कि इसे भारत की पहली क्राउड-फंडेड फिल्म भी कहा जाता है। फिल्म में गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल, नसीरुद्दीन शाह, अमरीश पुरी और कुलभूषण खरबंदा जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए. रिलीज के समय गांवों में बैलगाड़ियों और ट्रकों में भरकर किसान इस फिल्म को देखने सिनेमाघरों तक पहुंचे थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह उनकी अपनी कहानी है।

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जिन्होंने सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि समाज को भी नई दिशा देने का काम किया। ऐसी ही एक फिल्म थी 'मंथन', जिसने अपनी कहानी से जितनी पहचान बनाई, उससे कहीं ज्यादा चर्चा इसके बनने के तरीके ने बटोरी। साल 1976 में रिलीज हुई श्याम बेनेगल निर्देशित इस फिल्म को किसी बड़े प्रोडक्शन हाउस ने नहीं, बल्कि करीब पांच लाख किसानों ने दो-दो रुपए का योगदान देकर बनाया था। उस दौर में यह अपने आप में अनोखा प्रयोग था। फिल्म ने राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हासिल की और बाद में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता। आज भी 'मंथन' भारतीय समानांतर सिनेमा की सबसे महत्वपूर्ण फिल्मों में गिनी जाती है।



### श्याम बेनेगल थे निर्देशक

फिल्म को पूरी तरह वास्तविक बनाने के लिए निर्देशक श्याम बेनेगल ने कलाकारों से मेकअप और कॉस्ट्यूम पर खास ध्यान देने को कहा. रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई प्रमुख कलाकारों ने शूटिंग के दौरान पानी की कमी के कारण करीब 45 दिनों तक वही एक जैसे कपड़े पहने, ताकि उनके किरदारों की वास्तविकता बनी रहे और गांव का माहौल पर्दे पर बिल्कुल असली लगे।

### अपने नाम किया राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

फिल्म ने अपनी दमदार कहानी, शानदार अभिनय और सामाजिक संदेश के दम पर सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया. वर्षों बाद भी 'मंथन' भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक मील का पत्थर मानी जाती है।

## खबर संक्षेप

### लोकतंत्र सेनानी स्व. राधेश्याम शर्मा के संघर्ष को किया गया याद



**अकलतरा।** आपातकाल की वर्षगांठ पर लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय राधेश्याम शर्मा के लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्ष को याद किया गया। वर्ष 1975 में आपातकाल के दौरान तत्कालीन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विस्तारक रहे शर्मा ने धारा 144 का उल्लंघन कर लोकतंत्र की बहाली के आंदोलन में भाग लिया था, जिसके चलते उन्हें मीसा के तहत गिरफ्तार कर लगभग 18 माह तक बिलासपुर केंद्रीय कारागार में बंद रखा गया।जेल में शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना झेलने के बावजूद उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। उनके परिवार को भी इस दौरान आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लोकतंत्र के प्रति उनके समर्पण और योगदान के सम्मान में गत वर्ष 25 जून को आयोजित 'संविधान हत्या दिवस' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें सम्मानित किया था। स्थानीय लोगों ने उनके संघर्ष को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

### वांशिका ने सीए फाइनल परीक्षा में राज्य में प्राप्त किय प्रथम स्थान

**चांपा।** शहर की प्रतिभाशाली बेटी वांशिका अग्रवाल ने सीए फाइनल परीक्षा में ऑल इंडिया



रैंक 23 तथा राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे शहर, अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वांशिका गोविन्द प्रसाद अग्रवाल एवं श्रीमती मंजू अग्रवाल की पुत्री है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से शहर में हर्ष का माहौल है। वांशिका की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बम्हनीडीह में वर्षों से अधूरे जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भवन को जल्द पूरा करने सहकारिता मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह में वर्षों से अधूरे पड़े जिला सहकारी केंद्रीय सहकारी बैंक भवन के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कर संचालन शुरू कराने की मांग तेज हो गई है। भाजपा कार्यकर्ता मयंक सराफ ने छत्तीसगढ़ शासन के वन, जलवायु परिवर्तन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से सौजन्य भेंट कर इस संबंध में मांग पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि भवन अधूरा होने से किसानों, महिला स्व-सहायता समूहों, व्यापारियों और आम नागरिकों को बैंकिंग सुविधाओं के लिए दूसरे स्थानों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी निःशुल्क आवासीय शिक्षा

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्रम विभाग द्वारा अटल उत्कृष्ट शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। योजना के लिए 3 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। योजना के तहत ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जो निर्माण श्रमिक के रूप में कम से कम एक वर्ष पूर्व पंजीकृत हैं, उनकी प्रथम दो संतानों में से इस वर्ष कक्षा 6वीं में प्रवेश लेने वाले बच्चों का चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रदेश के उत्कृष्ट आवासीय विद्यालयों में पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ निर्माण कार्य से जुड़े लगभग 60 प्रकार के पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को मिलेगा। इनमें राजमिस्त्री, रेजा-कुली, प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, पेंटर, कारपेंटर सहित अन्य निर्माण श्रमिक शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन एवं अधिक जानकारी के लिए विभागीय पोर्टल अथवा लोक सेवा केंद्रों से संपर्क किया जा सकता है।

## निधन

### बहरता राम यादव

**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह के प्रतिष्ठित नागरिक बहरता राम यादव का गुरुवार 25 जून को



आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। उनके अंतिम यात्रा में स्थानीय ग्रामीणों के अलावा अंचल के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### गंगाराम कश्यप

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत घिवरा के प्रतिष्ठित नागरिक गंगाराम कश्यप का शुक्रवार 26 जून को निधन हो



गया। वे 63 वर्ष के थे। वे अपने पीछे दो बेटा और दो बेटियों सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ सुपुत्र विमल कुमार कश्यप ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा ग्रामवासी और रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

# जिले के 801 बूथों पर 87 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत रविवार 28 जून को जिले के 801 बूथों पर 87 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियन के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के सभी विकासखंडों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून को जिले में स्थापित 801 पोलियो बूथों पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 87 हजार 210 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसके पश्चात 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के लिए जिले के लगभग 1 लाख 29 हजार 328 घरों तक पहुंचने की कार्ययोजना तैयार की गई है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने समस्त



प्रशिक्षण में जानकारी देते अधिकारी।

जिलेवासियों से अपील की है कि वे 28 जून 2026 को आयोजित राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में अपने 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं तथा पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान करें। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों, एएनएम, मितानिनों एवं अन्य मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम की कार्ययोजना, बूथ संचालन, घर-घर भ्रमण, छूटे हुए बच्चों की पहचान, रिपोर्टिंग व्यवस्था तथा माइक्रोप्लान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अंतर्गत सीएचसी डभरा, सीएचसी सक्ती, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर एवं मंगल भवन बाराद्वार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अभियान के सफल संचालन हेतु जिले में 144 सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है, जो विभिन्न क्षेत्रों में इसकी निगरानी करेंगे। सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

---

# ग्रामीणों को दी गई नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी

अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत देवरहा में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। साथ ही चेक बाउंस से संबंधित मामलों के लिए आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई।



शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को जानकारी देते पीएलव्ही।

प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयदीप गर्ग एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर मनोज कुमार कुशवाहा के निर्देशानुसार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सह अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति चांपा श्रीमती नम्रता नोरगे के मार्गदर्शन में शुक्रवार 26 जून को जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरहा में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। पीएलव्ही रमेश कुमार दिवाकर ने उपस्थित लोगों को नशा निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य, नशा से नुकसान,गंभीर बीमारी , शारीरिक एवं मानसिक नुकसान,नशा से आर्थिक नुकसान, महिलाओं व बच्चों पर उनका प्रभाव,महिलाओं को निःशुल्क अधिवक्ता देने का प्रावधान, घरेलू हिंसा,अभिव्यक्ति एप्स, बाल विवाह स्पांसर शिप कि जानकारी दिया एवं बताया कि 21, 22 एवं 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों में आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से निपटारा करना ।जिसकी प्रक्रिया 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है जिसमें दोनों पक्षों को आपसी सहमति हेतु संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में व्ही.सी.के माध्यम से या भौतिक रूप से उपस्थित कराया जा रहा है। इसी तरह चेक बाउंस से संबंधित मामलों के लिए 18 जुलाई एवं 21 नवंबर को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत, निःशुल्क कानूनी सहायता, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 , महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 , 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले लोक अदालत आदि के संबंध में जानकारी दी गई। इस शिविर में सरपंच ग्राम पंचायत देवरहा श्रीमती कविता चौहान, सचिव श्रीमती सरही कश्यप,रोजगार सहायक माधुरी पटेल, योगेश्वरी साहू बद्रिका पटेल, अमरिका बाई, फूलेश्वरी, उजित पटेल,गोवर्धन, नीकराम पटेल, सुभाष साहू, चितरंजन साहू, रामाधार पटेल, फिरत पटेल एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

# किरायेदारों की जानकारी थाने में जमा कराना अनिवार्य, पुलिस प्रशासन ने दिखाई सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर में हाल ही में सामने आए एक गंभीर सुरक्षा मामले के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। पुलिस ने सभी मकान मालिकों को अपने किरायेदारों की संपूर्ण जानकारी संबंधित थाना में जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं।

इस संबंध में थाना अकलतरा द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत किरायेदार सत्यापन को अनिवार्य बनाया गया है।थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक निर्धारित प्रारूप जारी करते हुए नगर एवं आसपास के क्षेत्र के सभी मकान मालिकों से अपील की है कि वे अपने यहां निवासरत किरायेदारों की पूरी जानकारी, पहचान संबंधी दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक विवरण तत्काल थाना में प्रस्तुत करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किरायेदार सत्यापन न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर समय रहते अंकुश लगाने में भी सहायक सिद्ध होता है। पुलिस प्रशासन की यह सख्ती हाल ही में हुए उस मामले के बाद सामने आई है, जिसमें नगर के मिनीमाता चौक क्षेत्र स्थित एक किराए के मकान में रह रहे एक युवक को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए कथित रूप से स्लीपर सेल के रूप में कार्य करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप चैट, वीडियो कॉलिंग तथा अन्य ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग कर क्षेत्र की संवेदनशील जानकारियां विदेश भेज रहा था। घटना के खुलासे के बाद पुलिस विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से किरायेदार सत्यापन अभियान को तेज कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि बाहरी राज्यों एवं अन्य जिलों से आकर रहने वाले व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन आवश्यक है। पुलिस ने नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

---

# हजरत इमाम हुसैन की याद में निकाला गया ताजिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

इस्लामी नववर्ष के प्रथम माह मुहर्रम की 10वीं तारीख यौमे आशूरा के अवसर पर शुक्रवार को अकलतरा नगर में श्रद्धा, आस्था और सौहार्द के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। हज़रत इमाम

- जगह-जगह वितरित किया गया लंगर, शर्बत और हलवा

हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में ताज़िया जुलूस निकाला गया तथा नगर के विभिन्न स्थानों पर लंगर, शर्बत एवं शाही हलवे का वितरण किया गया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कर्बला के मैदान में हज़रत इमाम हुसैन ने सत्य, न्याय, मानवता और धर्म की रक्षा के लिए अपने परिवार एवं साथियों सहित सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका यह त्याग अन्याय



मुहर्रम के अवसर पर ताजिया निकालते मुस्लिम समाज के लोग।

और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष तथा सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। इसी स्मृति में प्रतिवर्ष मुहर्रम के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाते हैं।अकलतरा की जामा मस्जिद में यौमे आशूरा की विशेष नमाज़ अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया।

नमाज़ के पश्चात देश, प्रदेश तथा समाज में शांति, अमन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थना की गई।इसके बाद पुरानी बस्ती तुर्कापारा से पारंपरिक ताज़िया जुलूस निकाला गया, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं ने हज़रत इमाम हुसैन की शहादत को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। इस अवसर पर जामा मस्जिद के सामने, मदीना चौक, संजय नगर, सब्जी मंडी एवं स्टेशन रोड सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर मुस्लिम समाज द्वारा लंगर, शर्बत, शाही हलवा तथा अन्य मिठाइयों का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें भाग लेकर लंगर ग्रहण किया। कार्यक्रम में समाज के बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। मुस्लिम समाज के सदस्यों ने कहा कि हज़रत इमाम हुसैन का बलिदान सदैव मानवता, सत्य, न्याय और धर्म के लिए संघर्ष की प्रेरणा देता रहेगा।

---

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर किया स्वागत, निशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरगवां में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य महेंद्र ध्रुवे, सरपंच श्रीमती तूजन ध्रुवे, संकुल प्रभारी श्रीमती करुणा शांडिल्य तथा शैक्षिक अम्बरीश सिंह बैस विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत नवप्रवेशी विद्यार्थियों के पारंपरिक स्वागत से हुई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर तथा पुष्प अर्पित कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान बच्चों को निशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य महेंद्र ध्रुवे ने कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का आग्रह किया। सरपंच श्रीमती तूजन ध्रुवे ने कहा कि शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ प्रत्येक बच्चे तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। संकुल प्रभारी श्रीमती करुणा शांडिल्य ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं बल्कि



छात्राओं को पुस्तक प्रदान करते अतिथि।

बच्चों के सर्वांगीण विकास का मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों के महत्व से अवगत कराया। वहीं शैक्षिक अम्बरीश सिंह बैस ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा विद्यालय के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करना है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। कार्यक्रम को ग्राम के वरिष्ठ नागरिक चमन धीवर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक गौरी शंकर साहू, आशा देवांगन, अजय साहू, मेरी कंचन तिग्गा, अमृत कंवर, नितिशा, धीरेंद्र, देवेंद्र तिवारी सहित विद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

# उत्कृष्ट सहभागिता के लिए शैक्षिक समन्वयक एवं शिक्षकों का सम्मान

**अकलतरा।** समग्र शिक्षा कार्यालय जिला जांजगीर चांपा में विनोबा एप में उत्कृष्ट कार्य एवं सक्रिय सहभागिता के लिए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिला स्तरीय पोस्ट ऑफ द मंथ माह मई 2026 के अंतर्गत प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला स्त्रोत समन्वयक ए.पी.सी. दिनेश सोनवान, जिला प्रोग्रामर रंजन मिश्रा, जिला विनोबा टीम के प्रभारी भूपेंद्र चंद्रा की उपस्थिति में उत्कृष्ट संकुल के लिए पोड़ी दल्हा के शैक्षिक समन्वयक अभिषेक सिंह को एवं विनोबा एप में निरंतर सक्रिय रहते हुए विविध शैक्षणिक गतिविधियों को साझा करने के लिए आशासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ की शिक्षिका श्रीमती शबीना बानो खान एवं शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ी दल्हा की शिक्षिका श्रीमती अलकीन खान को जिला स्तरीय माह मई बोलेगा बचपन, श्रीमती रजनी पांडे शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ीदल्हा को माह मई पोस्ट ऑफ द मंथ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा सभी सम्मानित शिक्षको कोशुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि विनोबा एप शिक्षको के लिए एक प्रभावी



डिजिटल मंच है। जहां बोलेगा बचपन, टीएलएम निर्माण, खेल-खेल में शिक्षा कागज के पैर जैसी नवाचारी गतिविधियों को साझा कर शिक्षक एक दूसरे से सीखने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। अकलतरा विकास खंड के शिक्षक निरंतर नवाचारों के माध्यम से बच्चों को उनकी समझ और स्तर के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे अन्य शिक्षक भी प्रेरित होकर इन शैक्षणिक प्रयोगों का लाभ ले सकते कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षको को नवाचार हेतु प्रोत्साहित करना एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना रहा, जो सराहनीय है।

---

संविधान हत्या दिवस पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने किया मीसाबंदियों का सम्मान

# मीसाबंदी के त्याग और बलिदानों को देश कभी भूला नहीं सकता : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान हत्या दिवस पर मीसा बंदियों का सम्मान किया गया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने मीसाबंदी व उनके परिवारजनों को संबोधित करते हुये कहा कि 25 जून 1975 को देश के तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र व प्रजातंत्र की हत्या किया था, संविधान के साथ खिलवाड़ किया था।

उन्होंने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने सिर्फ अपनी सत्ता बचाने के लिये देश को आपातकाल में झोक दिया, पूरे देश में सेंसर लागू हो गया, मिडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया, जनसंघ, आर.एस.एस. एवं इस देश में विपक्षी दलों के नेताओं एवं




कार्यक्रम को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल।

कार्यकर्ताओं को अकारण व बेवजह जेल में बंद कर दिया गया, आंदोलनकारियों को उस समय की कांग्रेस सरकार ने कूचला, देश के अंदर अस्थिरता पैदा किया और संविधान के साथ खिलवाड़ करते हुये प्रजातंत्र की हत्या की। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आंदोलन को भी उस समय की सरकार ने बल पूर्वक आंदोलनकारियों के खिलाफ अनेक झूठे मुकदमें लादे गये, आंदोलन को कुचला गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने कहा कि आपातकाल के दौरान मीसाबंदियों के साथ किये गये खिलवाड़ व बर्बरता को पूरा राष्ट्र जानता है। उस समय की तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने न्यायालय के निर्णय का भी घोर अपमान किया था। उन्होने कहा कि देश में जितने भी मीसाबंदी है वे लोकतंत्र के सेनानी है, मीसाबंदी के त्याग और बलिदानों को ये देश कभी भूला नहीं सकता। उन्होंने इस दौरान भाजपा के इतिहास व विकास पर भी कार्यकताओं से चर्चा किया। कार्यक्रम के अंत में जिले के मीसाबंदी व उनके परिवार के सदस्यों का साल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी रामदेव कुमावत, भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, संतोष लहरे, श्रीमती रजनी साहू, जिला महामंत्री द्वय श्रीमती नंदनी राजवाड़े, नंद चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, आशुतोष गोस्वामी, प्रशांत सिंह, अमर सुल्तानिया, इंजी. रवि पाण्डेय, विवेका गोपाल, हितेश यादव सहित मीसाबंदी व मीसाबंदी के परिवारजन एवं भाजपा कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# लीनेस क्लब जांजगीर जाज्वल्या को मिला चार्टर सर्टिफिकेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ऑल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट सीजी-1 का द्वितीय कैबिनेट बैठक स्वर्णिम अध्याय का भव्य आयोजन रायपुर के विमतारा हॉल में संपन्न हुआ। आयोजन में लीनेस क्लब के ऑल इंडिया के मेहमानों के साथ छत्तीसगढ़ के सभी लीनेस क्लब के पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में लीनेस क्लब जांजगीर जाज्वल्या के द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना की गई एवं क्लब को मंच से चार्टर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में लीनेस आशा मोहन ऑल इंडिया प्रेसीडेंट, रश्मि अग्रवाल चार्टर डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट, सीमा यादव सचिव, उषा अरोड़ा, भगवती अग्रवाल, सुमन सिंह, सुधा साव, संगीता अग्रवाल, मुदृला रोजिंदार, शबाना नाज, संध्या पांडेय, एरिया ऑफिस जांजगीर क्लब से लीनेस सरिता शर्मा, प्रेसीडेंट, कल्पना केशरवानी, मधु शर्मा उपस्थित थे। चार्टर सर्टिफिकेट प्राप्त होने पर लीनेस सदस्यों में हर्ष व्याप्त है।